भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **1794**
दिनांक 28 नवम्बर , 2019 / 7 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों का निजीकरण

1794. श्री कार्ती पी॰ चिदम्बरम:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भुवनेश्वर, वाराणसी, इंदौर, त्रिचि, अमृतसर और रायपुर विमानपत्तनों के निजीकरण हेतु ठेका दे दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय की चेन्नई विमानपत्तन के निजीकरण हेतु कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): जी नहीं। तथापि, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) बोर्ड ने दिनांक 05.09.2019 को आयोजित अपनी बैठक में 06 हवाईअड्डों, नामत: अमृतसर, वाराणसी, भुवनेश्वर, इंदौर, रायपुर और त्रिची को सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) के अंतर्गत प्रचालन, प्रबंधन एवं विकास के लिए लीज़ पर देने हेतु सिफ़ारिश की है।

(ख) और (ग): जी नहीं। वर्तमान में चेन्नई हवाईअड्डे को पीपीपी के अंतर्गत लीज़ पर देने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****